**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

**<u>होमगार्ड्स संगठन के पुनर्गठन पर विचार करने की जरूरत है - राज्यपाल</u>**

लखनऊः 13 दिसम्बर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज होमगार्ड्स स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न जिलों/मण्डलों पर नियुक्त होमगार्ड्स विभाग के लगभग 100 अधिकारियों ने राजभवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स श्री अनिल राजभर, प्रमुख सचिव होमगार्ड्स श्री कुमार कमलेश, पुलिस महानिदेशक/कमाण्डेंट जनरल होमगार्ड्स डाॅ0 सूर्य कुमार, डिप्टी कमाण्डेंट जनरल श्री एस0के0 सिंह व विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। होमगार्ड्स स्थापना दिवस के अवसर पर परेड ग्राउण्ड होमगार्ड्स मुख्यालय में रैतिक परेड का आयोजन भी किया गया था।

राज्यपाल ने होमगार्ड्स के समस्त अधिकारियों एवं जवानों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि होमगार्ड्स की विशेषता है कि उन्हें जो दायित्व दिया जाता है वह पूरी लगन से कार्य निष्पादित करते हैं। होमगार्ड्स की सेवा को सम्मानजनक रूप देने का प्रयास होना चाहिए। होमगार्ड्स जवानों का काम उपयोगी और महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि होमगार्ड्स संगठन के पुनर्गठन पर विचार करने की जरूरत है।

श्री नाईक ने कहा कि होमगार्ड्स संगठन प्रदेश भर में फैला हुआ संगठन है जिसके जवान आवश्यकता पड़ने पर चुनाव डयूटी, प्राकृतिक आपदा, मेलों, यातायात एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े अन्य मामलों में पुलिस के सहायक के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि होमगार्ड्स द्वारा 'नमामि गंगे जागृति यात्रा' में भी सहयोग किया गया। उन्होंने कहा कि होमगार्ड्स जवानों का मनोबल बढ़ाने की आवश्यकता है।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स श्री अनिल राजभर ने कहा कि होमगार्ड्स जवान पूरी तन्मयता से सेवा करता है। प्राकृतिक आपदा व अन्य विषम परिस्थितियों में उनकी सेवायें नये स्वरूप में समाज के सामने आयी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 82,000 होमगार्ड्स शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग कर रहे हैं।

पुलिस महानिदेशक होमगार्ड्स ने होमगार्ड्स के जवानों की सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए उनकी समस्याओं की ओर भी राज्यपाल का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि वास्तव में होमगार्ड्स अल्प वेतनभोगी संगठन है जिस पर विचार किये जाने की आवश्यकता है।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री अनिल राजभर ने राज्यपाल को होमगार्ड्स प्रतीक चिन्ह, प्रमुख सचिव होमगार्ड्स ने एक चित्र संग्रह तथा पुलिस महानिदेशक होमगार्ड्स ने अपनी अनुसंधान पुस्तिका भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने होमगार्ड्स विभाग की स्मारिका का विमोचन भी किया। डिप्टी कमाण्डेंट जनरल श्री एस0के0 सिंह ने इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (467/26)

होमगाईस स्थापना दिवस

होमगाईस स्थापना दिवस
समारोह - 2017
13 दिसम्बर 2017
राजभवन, लखनऊ
राजभवन